लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया में हुई घटना, कई घंटों की मशक्कत के बाद भी आग पर नहीं किया जा सका काबू

# थर्माकोल फैक्ट्री में आग का तांडव, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया में शनिवार को उस समय हड़कंप की स्थित मच गई जब थर्माकोल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि धुंआ का गुबार कई किमी दूर से नजर आ रहा था। भीषण आग लगने की जानकारी जैसे ही फैली बड़ी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस से लेकर प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे।





### दूसरी फैक्ट्रियों में पहुंची आग

आग की लपटों ने थर्माकोल फैक्ट्री के साथ आसपास की अन्य फैक्ट्रियों को भी चपेट में ले लिया। सुभाष एंड कंपनी के गोदाम में रखे प्लास्टिक व बारदाने भी जलने लगे। आगजनी की सूचना मिलने पर नगर निगम के फ़ायर ब्रिगेड वाहन मौके पर पहुंचे लेकिन आग की विकरालता अधिक थी आग पर काबू पाने के लिए कई दमकल वाहन मौके पर पहुंचे, आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया है। आग इतनी भीषण है कि दमकल वाहनों को कई बार आना जाना पड़ा। आग की लपटें इतनी भयावह थी कि अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मौके पर लोगों की भीड़ भी बनी रही।

### कैमोर, विगढ़ एवं एसीसी के वाहन भेजने ने दिये निर्देश

इंडस्ट्रियल एरिया में भीषण आग की जानकारी लगते ही कलेक्टर दिलीप यादव ने नगर परिषद कैमोर, विजयराघवगढ़ एवं एसीसी फैक्ट्री कैमोर की दमकल गाड़ियों को भी मौके पर भेजने के निर्देश दिए थे। कैमोर सीएमओ धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि दमकल वाहनों को गंतव्य स्थल लमतरा चाका के लिए रवाना कर दिया गया है। होमगार्ड कमान्डेंट श्वेता गुप्ता के मुताबिक स्थिति नियंत्रण में है। आग पर तेजी से काबू पाया जा रहा है। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारी एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा, तहसीलदार बीके मिश्रा और अन्य विभागीय अधिकारी और पुलिस , दल-बल सहित मौजूद रहा।

### आग बढ़ी, कम पड़ गए वाहन

आग की विकरालता बढ़ती जा रही थी। शाम करीब 6 से 7 बजे तक 7 फायर ब्रिगेड दमकल वाहनों द्वारा आग बुझाई जा रही थी। फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिलते ही विकास शर्मा एचएसएम के नेतृत्व में एसडीईआरएफ के 4 जवानों की टीम अग्निशमन यंत्र, सीढ़ी, रस्सा आदि बचाव उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे। प्राथमिक तौर पर फैक्ट्री के भीतर किसी भी व्यक्ति के फँसे होने की सूचना नहीं मिली। 6 फायर वाहन आग बुझाने में लगे हुए हैं। इसमें 5 दमकल वाहन नगर निगम के और एक आर्डिनेंस फैक्ट्री का है। कैमोर से भी एक दमकल वाहन पहुंचा। कुल सात दमकल वाहन आग बुझाने के काम में लगे होने की जानकारी नगर निगम के फायर ब्रिगेड अधिकारी श्री प्यासी द्वारा दी गई है।

### सिहोरा व जबलपुर से मंगाए वाहन

देर रात तक आग पर काबू पाने के लिए प्रयास जारी रहे। प्रभारी फायर निरीक्षक शैलेन्द्र दुबे द्वारा बताया गया कि नगर निगम के 5 दमकल वाहन द्वारा अब तक पांच -पांच राउंड पानी भरकर आग बुझाने के प्रयास किए जा चुके है। वहीं एसीसी, आर्डिनेंस फैक्ट्री, बरही, विजयराघवगढ़ एवं कैमोर के दमकल वाहनों द्वारा भी तीन से चार राउंड पानी भरकर आग बुझाने का प्रयास किया गया है। जिससे आग की भयावहता में आंशिक तौर पर कमी आई है। जल्दी ही सिहोरा और जबलपुर का भी दमकल वाहन मौके पर पहुंचने वाला है।

गांवों में बनाये जा रहे खेत तालाब, अमृत सरोवर एवं रिचार्ज पिट

# फसलों के लिए पानी की न हो कमी, जलस्त्रोतों का हो रहा निर्माण व रिचार्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में मनरेगा योजना अंतर्गत बन रहे खेत तालाब, अमृत सरोवर और रिचार्ज पिटों से खेतों को फसलों की आवश्यकता के समय पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा। इससे किसान आर्थिक समृद्धि की नई इबारत लिख सकेंगे। कुंओं को रिचार्च करने के लिए कूप रिचार्ज पिट बनाये जा रहे हैं, ताकि कुंओं का जल स्तर बना रहे और गर्मियों में भी पानी की उपलब्धता रहे।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के सभी 6 जनपद पंचायतों में 18 अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य है। जिसमें से 9 अमृत सरोवर पर काम प्रगतिरत है। इसी प्रकार सभी 6 जनपद पंचायतों में 1423 खेत तालाब बनाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर जिले में लक्ष्य से अधिक 1989 खेत तालाब स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें से 1514 खेत तालाब प्रगतिरत है। इसी प्रकार मनरेगा योजना की कपिलधारा रिचार्ज पिट के तहत 1500 कुंओं को बारिश के पानी से रिचार्ज करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले के लिए 1794 कपिलधारा रिचार्ज पिट स्वीकृत किये गए हैं। इनमें से 1447 कुंओं के रिचार्ज पिट बनाए जाने का काम प्रगतिरत है।

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने बताया कि जिले के लिए निर्धारित जलदूत के लिए 2600 के लक्ष्य के विरूद्ध माय भारत पोर्टल पर 3094 जलदूतों का पंजीयन किया जा चुका है।

### खेत तालाब के लिए किसान आ रहे आगे

किसान अपने खेतों में खेत तालाब बनवाने के लिए स्वयं रूचि ले रहे हैं। और आगे बढ़कर सहभागिता कर रहे हैं। ताकि खेत तालाब में वर्षा जल संचित हो सके और भू-जल स्तर में बढ़ोतरी हो। और किसानों को फसल उत्पादन में लाभ मिले।

जिले के जनपद पंचायत बड़वारा में 256 खेत तालाब प्रगतिरत है। इसी प्रकार जनपद पंचायत बहोरीबंद में 328, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 309, जनपद पंचायत कटनी में 139, जनपद पंचायत रीठी में 253 एवं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 229 खेत तालाब प्रगतिरत है।

### रिचार्ज पिट

जनपद पंचायत बड़वारा में 313 रिचार्ज पिट प्रगतिरत है। इसी प्रकार जनपद पंचायत बहोरीबंद में 253, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 59, जनपद पंचायत कटनी में 197, जनपद पंचायत रीठी में 277 एवं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 348 रिचार्ज पिट प्रगतिरत है।

## प्रदूषण के कारणों में प्लास्टिक एक गंभीर समस्या



विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर भारत के भौगोलिक केंद्र बिंदु करौंदी स्थित ध्यानहाल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विश्व हिन्दु परिषद महाकौशल प्रान्त मंत्री उमेश मिश्र ने कहा कि धरती में बढ़ते प्रदूषण के प्रमुख कारणों में प्लास्टिक एक गंभीर चुनौती बन चुका है ।यह न केवल संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को दूषित कर रहा है बल्कि खाद्य श्रंखला को भी प्रभावित कर रहा है ।सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम ने कहा कि प्रकृति संरक्षण हमारा नैतिक दायित्व है। पर्यावरण संरक्षण हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिए। उन्होने जल,ऊर्जा,नदियां,पहाड़ों के संरक्षण का आव्हान किया ।विभाग पर्यावरण प्रमुख ब्रजेश पटेल ने भी पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया ।वैदिक परंपरा से गुरू पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई ।अतिथियों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर महर्षि विद्यापीठ के प्रभारी अरविंद सिंह,डॉ.मानवेंद्र पांडेय,के के त्रिपाठी,समाजसेवी राजेश व्यौहार,मुन्नू गौतम,प्रमोद असाटी,जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक बबीता शाह,अंकित झारिया,प्रकाशनाथ साहू,कोदूलाल हल्दकार,रामदरश यादव सहित अन्य की उपस्थिति रही।

## मशीनरी एवं स्वच्छता दूतों के माध्यम से स्वच्छता के प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में निगम के स्वास्थ्य अमले के माध्यम से दो शिफ्ट में वार्डो के सार्वजनिक मार्गो सहित बाजार क्षेत्रों एवं अन्य मार्गो में झाडू का कार्य कराया जाकर गार्बेज बैग में कचरे को एकत्रित कर उसका निष्पादन कराया जा रहा है। प्रातःकालीन दैनिक सफाई व्यवस्था के तहत नगर के विभिन्न स्थलों मिशन चौक, सुभाष चौक, स्टेशन रोड, झंडा बाजार, सब्जी मंडी रोड, मिशन चौक ओव्हर ब्रिज, बस स्टेंड परिसर सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मार्गो की सफाई का कार्य कराया गया। वहीं रात्रि कालीन सफाई व्यवस्था के दौरान रोड़ स्वीपिंग मशीन से पन्ना मोड़ से गल्ला मंडी मार्ग,खिरहनी ओवर ब्रिज की दोनों ओर सफाई करायी गई है। आगामी वर्षाकाल के दौरान नगर में जलप्लावन की समस्या के निराकरण शहर के विभिन्न नाली वार्ड क्रमांक 29 बरगवा में शरीफ़ ख़ान के बाजू वाली गली,वार्ड क्रमांक 5 नदी पार की विभिन्न नालियों की सफाई का कार्य स्वच्छता दूतों से कराया जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया है।

इसके अतिरिक्त मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु जारी कैलेंडर अनुसार शहर में फॉगिंग अभियान चलाया जाकर रासायनिक धुएँ का छिड़काव भी कराया जा रहा है।

कलेक्टर द्वारा सतत समीक्षा की वजह से फार्मर आईडी बनाने के कार्य में आई तेजी

## फार्मर रजिस्ट्री बनाने के मामले में कटनी प्रदेश के 10 अग्रणी जिलों में हुआ शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों के फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया संपादन के मामले में कटनी जिला प्रदेश के प्रथम 10 अग्रणी जिलों में शामिल है। जिले में अब तक 1 लाख 69 हजार 873 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य संपादित किया जा चुका है। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने राजस्व अधिकारियों को इस कार्य में और अधिक तेजी लाने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि किसानों की प्राथमिकता से फार्मर रजिस्ट्री कराया जाना सुनिश्चित हो।

जिले में अब तक बने फार्मर आईडी में से कटनी नगर में 9हजार 136, स्लीमनाबाद तहसील में 16 हजार 892, बहोरीबंद तहसील में 24 हजार 560, कटनी ग्रामीण में 10 हजार 291 फार्मर आई डी बनाये जा चुके हैं। इसी प्रकार बरही तहसील में 16 हजार 709, विजयराघवगढ़ तहसील में 28 हजार 677, रीठी तहसील में 21 हजार 499, बडवारा तहसील में 16 हजार 52 और ढीमरखेड़ा तहसील में अब तक 26 हजार 127 किसानों के फार्मर आई डी बनाये जा चुके हैं।

### फार्मर आई डी के लाभ

फार्मर आई डी के तहत कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके तथा हितग्राही मूलक योजनाओं का निर्धारण एवं सत्यापन की प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक कृषक भूस्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है।

शासन द्वारा पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आई.डी का होना अनिवार्य किया गया है ।इस हेतु कलेक्टर श्री यादव ने समस्त पीएम किसान हितग्राहियों की फार्मर आई.डी बनाने हेतु कैम्प का आयोजन करने के दिशा-निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए है।

## 20 लाख रूपए से होगा बड़खेरा में पंचायत भवन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत बरखेड़ा में पंचायत भवन निर्माण कार्य के लिए 20 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। यह निर्माण कार्य वित्त आयोग एवं मनरेगा मद से कराया जाएगा । इस कार्य के लिए क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत को बनाया गया है । पंचायत भवन निर्माण कार्य से 1,149 मानव दिवसों का रोजगार सृजित होगा।

कलेक्टर श्री यादव ने जारी आदेश में कहा है कि कार्य के लिए प्रदत्त प्रशासकीय स्वीकृति में ही कार्य पूर्ण किया जाय। यदि स्वीकृत राशि से अधिक राशि व्यय की जाती है तो इसका समस्त दायित्व क्रियान्वयन एजेंसी का होगा। साथ ही कार्य मनरेगा योजना से स्वीकृत है इसलिए ठेका पद्धति से कार्य किया जाना प्रतिबंधित है।

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया है कि निर्माण कार्य का संपादन स्वीकृत प्राक्कलन, रूपांकन, समाहित मानक के अनुसार किया जाए। निर्माण कार्य में उचित गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री का उपयोग किया जाए। साथ ही कार्यस्थल पर क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा मजदूरों को पीने का पानी, फर्स्ट एड किट, छाया की व्यवस्था, छरू वर्ष से कम आयु के पांच से अधिक बच्चों पर झूला घर, छरू वर्ष कम उम्र के पांच से अधिक बच्चे हो तो पृथक से एक महिला को बच्चों को देख-रेख हेतु रखा जाए।

मस्जिदों एवं ईदगाह में सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात रहा पुलिस बल

# जिले भर में मनाया गया बकरीद पर्व, अमन चैन की मांगी दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शनिवार को जिले भर में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बकरीद पर्व मनाया। मस्जिदों, ईदगाह पर मुस्लिम समुदाय द्वारा नमाज अदा की गई। ईदगाह में मुख्य नमाज शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के कुशल नेतृत्व में संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। सुरक्षा के व्यापक एवं कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रमुख स्थलों एवं ईदगाह के आसपास पुलिस बल की सघन तैनाती रही तथा पुलिस अधिकारी स्वयं चप्पे-चप्पे पर निगरानी बनाए हुए थे। ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी के माध्यम से भी निगरानी की गई, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना को पूरी तरह निरस्त किया जा सके। आमजन में सुरक्षा की भावना एवं पुलिस पर विश्वास बना रहा। नमाज के उपरांत लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। संपूर्ण आयोजन सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। जिला पुलिस द्वारा इस अवसर पर सहयोग प्रदान करने वाले समस्त नागरिकों को धन्यवाद प्रेषित किया गया है।



### गले मिल दी मुबारकबाद

ईद-उल-अजहा( बकरीद) का पर्व शनिवार को उमरियापान क्षेत्र में परंपरागत रूप से मनाया गया। पर्व को लेकर बच्चों में ज्यादा उत्साह देखने को मिला। उमरियापान के अँधेली बाग स्थित ईदगाह में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम भाईयों ने एक साथ नमाज पढ़कर अमन चैन की दुआ मांगी।थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में उमरियापान के अलावा परसेल, घुघरी, कछारगांव छोटा में भी बकरीद की नमाज अदा कर पर्व मनाया गया। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि थाना क्षेत्र के कटरिया, भोपार, उमरपानी,पिपरिया पिंडरई, सनकुई और गनियारी गांव में शांति पूर्ण तरीके से बकरीद का पर्व मनाया गया। सिलौंडी चौकी प्रभारी विष्णुशंकर जायसवाल ने बताया कि बरहटा और नेगई गांव में बकरीद पर्व पर नमाज अदा की गई।मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के बाद बच्चों से लेकर बड़ों ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद पर्व की बधाई दी। बकरीद पर्व पर अमन चैन कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने मस्जिदों व ईदगाहों के बाहर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए।

मुस्लिम भाइयों ने बताया कि इस्लामिक मान्यता के अनुसार, बकरीद हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। बकरीद को ईद उल अजहा और ईद उल जुहा के नाम से भी जाना जाता है।

### मच्छर से निजात पाने कराई जा रही फागिंग

**कटनी।** महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण हेतु नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के दिए निर्देशों के परिपालन में रोजाना दो पालियों सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही विभिन्न वार्डो में रोजाना फॉगिंग अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को निगम प्रशासन द्वारा अंबेडकर वार्ड में क्षेत्रीय वार्ड पार्षद की जानकारी एवं वार्ड दरोगा की मौजूदगी में विभिन्न गलियों में फागिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न गलियों सहित वार्ड के अन्य स्थलो मे फागिंग मशीन से रासायनिक धुएं का छिड़काव किया जाकर मच्छरों एवं मच्छर जनित बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण की कार्यवाही की गई।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म बासरानी इंडस्ट्रीज कटनी (थोक व्यापारी अनुज्ञप्ति क्र. B/10, मान नं. 3040271) को प्रोपराईटर से पार्टनरशिप किया जाना है, जिसके संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के अंदर कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति कटनी (पहरूआ रोड) कटनी में प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात कोई आपत्ति बंधनकारी नहीं होगी एवं फर्म बासरानी इंडस्ट्रीज कटनी के प्रोपराईटरशिप को पार्टनरशिप कर दिया जावेगा।

श्री बासरानी इंडस्ट्रीज रॉबर्ट लाइन, माधव नगर, पड़रवारा, जिला कटनी (म०प्र०) मो.नं. 9329443075

## खबर संक्षेप

### मेधावी छात्र एवं अभिभावक सम्मान समारोह 10 जून को

**कटनी।** खिरहनी स्थित किड्स केयर ग्रुप ऑफ स्कूल तिलक कालेज कटनी के तत्वधान में 15वाँ मेघावी छात्र अभिभावक सम्मान समारोह 10 जून 2025 को शाम 6 बजे स्कूल प्रांगण में सम्मानीय श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया मैडम जी संयुक्त कलेक्टर जिला कटनी के मुख्य आतिथ्य में एंव विशिष्ट अतिथि श्रीमती मंजूषा गौतम श्री मंयक पाण्डेय ज्ञान गंगा इंजिनियरिंग कॉलेज, डॉ. श्री अखिलेश वॉअ डॉ.श्री सुधीर जैन, ए.के. एस यूनिर्वस सिटी सतना की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। किड्स केयर ग्रुप ऑफ स्कूल कटनी के चेयर पर्सन डॉ. डी के. खरे ने बताया कि विगत 15 वर्षा से कटनी जिले के समस्त सरकारी एंव प्राइवेट स्कूलो के छात्र एंव अभिभावको का जिन्होने बोर्ड परीक्षा एम. पी बोर्ड / सी बी एस.सी बोर्ड परीक्षा से 75% से उर्तीण छात्रो उनका सम्मान किया जाता है। किड्स केयर ग्रुप ऑफ ने कटनी जिले के सभी नागरिको से अपील की है इस समारोह में उपस्थिति होकर कार्यकम को सफल बनाये ।

### कार्य के दौरान ऊंचाई से गिरे युवक की मौत

**कटनी।** माधव नगर थाना अंतर्गत कैंप क्षेत्र में एक मिल में काम करने के दौरान एक युवक ऊंचाई से नीचे गिर गया। युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच के दौरान ठेकेदार और मिल संचालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया। बताया गया कि कैंप स्थित संजय असरानी की राइस मिल में ठेकेदार द्वारा तखला निवासी 35 वर्षीय शंकर लाल पटेल से बिना सुरक्षा उपकरण की 30 फीट ऊंचाई में काम कराया जा रहा था। इस दौरान छत से नीचे गिरने पर शंकर लाल पटेल की अस्पताल में मौत हो गई जिस पर पुलिस ने जांच के बाद ठेकेदार राजेश ठाकुर और राइस मिल संचालक के विरूद्ध धारा 290,106(1)3(5) तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जिला शिक्षा अधिकारी का जबलपुर हुआ तबादला

**कटनी।** प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह को राज्य सरकार ने हटा दिया है। उन्हें जबलपुर जिले में कार्यालय संयुक्त के पद पर पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर कटनी में किसी भी जिला शिक्षा अधिकारी की पोस्टिंग नहीं की गई है। ऐसा माना जा रहा है कि जल्द ही नए डीईओ की पद स्थापना कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह जिले में अपना 3 साल का निर्धारित समय भी पूरा कर चुके थे लेकिन ऊपर तक पहुंच होने के कारण उन्हें हटाया नहीं जा रहा था। कटनी में पिछले 3 साल के दौरान शिक्षा विभाग में हुई अनियमितताओं की शिकायत जबलपुर से लेकर राजधानी तक पहुंची थी। जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने भी वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत राज्य सरकार से की थी। स्थानीय स्तर पर भी जनप्रतिनिधियों से लेकर कर्मचारी संगठनों द्वारा शिकायतों के माध्यम से उन्हें हटाये जाने की मांग की जा रही थी। इन शिकायतों पर जांच भी हुई लेकिन इसके बाद भी उन्हें हटाए जाने की कार्रवाई नहीं की जा रही थी। शिकायतों के बाद राज्य सरकार को उन्हें यहां से हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### आवेदन-पत्र भरने की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन पत्र भरने की तिथि 8 जून है। सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने बताया कि हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के लिये पूर्व में जारी किये गये निर्देश यथावत लागू रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण की ली शपथ

**कटनी।** जिला स्तर पर पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें में एक पौधा मां के नाम रोपित कर शुभारंभ किया। बड़ी संख्या में स्काउट गाइड रोवन रेंजर यूनिट लीडर तथा विभिन्न संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। तदु उपरांत विगत वर्षों में रोपित पौधों का संरक्षण स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा किया गया। इसी क्रम में शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी में जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट पी पी सिंह द्वारा एक पौधा मां के नाम रोपित किया गया। साथ ही उपस्थित सभी स्काउट गाइड रोवर रेंजर एवं शिक्षक साथियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। पर्यावरण संगोष्ठी का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर कटनी के सभा कक्ष में की गई। संगोष्ठी में भारत स्काउट गाइड और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित प्रोजेक्ट के अंतर्गत क्विज कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें विजय स्काउट गाइड रोवर रेंजर को इको फ्रेंडली पेन गिफ्ट किए गए।

### छोटे व्यवसाय शुरू कर सकेंगे अजा वर्ग के युवा

**कटनी।** अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए राज्य शासन के अंत्यावसायी विभाग द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना शुरू की गई है। इस योजना में अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तिओं को छोटा-मोटा व्यवसाय शुरू करने या मौजूदा व्यवसाय के विस्तार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत उद्योग, सेवाओं एवं व्यापारिक इकाईयों को स्थापित करने के लिए 10 हजार रूपये से लेकर 1 लाख रूपये तक का ऋण दिया जाता है। साथ ही योजनांतर्गत हितग्राही को 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से 5 वर्षों तक ब्याज अनुदान दिया जाएगा। ऋण की गारंटी फीस का भुगतान राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति जरूरी दस्तावेजों के साथ samast.mponline.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कार्यालय से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### निगमायुक्त को कराया औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं से अवगत

**कटनी।** सूक्ष्म और लघु उद्योगों के बीच कार्य करने वाले संगठन लघु उद्योग भारती ने बरगवां औद्योगिक क्षेत्र के मुख्य नाले की समस्या से नगर निगम आयुक्त को अवगत कराया. इस नाले पर पुल निर्माण के कारण किये गये डाइवर्शन से बारिश में जल भराव की स्थिति बनेगी और यह जल उद्योग परिसरों में भी भरेगा जिससे उद्यमियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। निगमायुक्त ने स्थल निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को नाले को पुनः चौड़ा कर जल निकास को व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया। औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट की समस्या भी संगठन के पदाधिकारियों ने बताई जिसके लिये उपस्थित अधिकारियों ने शीघ्र ही समस्या के निदान हेतु आश्वस्त किया। संगठन की ओर से अनिल वासवानी, हरिसिंह भदौरिया, मनीष सिंह, मुरलीधर रत्नानी, सुरेश रत्नानी, राजकुमार आसरानी, मनीष सिंघानी आदि उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ नागरिक सुंदर लाल गुप्ता का निधन

**कटनी।** वरिष्ठ नागरिक सुंदर लाल गुप्ता का शनिवार को आकस्मिक



निधन हो गया। संजय गुप्ता, दरशन गुप्ता, संतोष गुप्ता, प्रशांत सत्यनारायण गुप्ता के पिता एवं राजेश गुप्ता के चाचा सुंदरलाल 88 वर्ष के थे। गत दिवस अचानक उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी पार्थिव देह को लेकर बनारस ले जाया जाएगा जहाँ मां गंगा तट मां कणिका घाट में आज 8 जून रविवार को अंत्येष्टि संस्कार किया जायेगा। शोकाकुल परिवार को इस गहन दुख को सहन करने एवं मृत आत्मा को सदगति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की गई है।

---

रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कुठला पुलिस ने की कार्रवाई

# कार में भरी थी शराब की पेटियां, चार तस्कर गिरफ्तार, सभी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में शराब की तस्करी का खेल लंबे समय से चल रहा है। नये पुलिस कप्तान के पदभार ग्रहण करने के बाद अब पुलिस कुछ चौकस हुई है। कुठला पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। साथ ही चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्कर कार में शराब की पेटियां भरकर ले जा रहे थे।



### पीछा कर किया गिरफ्तार

थाना प्रभारी कुठला राजेन्द्र मिश्र ने बताया कि रात्रि में भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कार क्रमांक DL 11 CA 0527 में भारी मात्रा में अवैध शराब चाका तरफ से पुरैनी तरफ आने की सूचना मिली जिसकी सूचना पर उक्त कार की तलाश नाकाबन्दी की गई। उक्त कार पुरैनी के सामने आते दिखे जो पुलिस को देखकर ट्रांसपोर्ट नगर तरफ मुड़ गये जिन्हे पीछा करते हुए घेराबन्दी कर ट्रांसपोर्टनगर में पकड़ा गया। कार चला रहे व्यक्ति एवं उसके साथी से उसका नाम पता पूछने पर चालक द्वारा अपना नाम जगत सिंह पिता राजकुमार सिंह 22 साल निवासी ग्राम कचौरी थाना शाहनगर हाल चाण्डक चौक कटनी एवं कार में बैठे व्यक्तियों ने अपना नाम अभिषेक ठाकुर पिता रामकिशोर 20 साल निवासी बधवा टोला थाना रंगनाथनगर, अभय राज पिता अजय राज 20 साल निवासी नया बस स्टैण्ड थाना कोतवाली कटनी, निक्की उर्फ अभय सिंह पिता सुमेर सिंह 23 साल निवासी बालाजी नगर थाना कोतवाली कटनी, अनुज वंशकार पिता जुगनू 18 साल निवासी भट्टा मोहल्ला थाना रंगनाथ नगर का होना बताया तलाशी लेने पर कार के अन्दर गाड़ी के अन्दर कुल 20 कार्टूनों में भरी 1000 पाव देशी एवं लाल प्लेन मसाला शराब कुल 180 लीटर कीमती 1,00,000 रूपये व कार को जप्त किया गया। धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपियों को जेल भेज दिया गया है

### पूर्व में आपराधिक रिकार्ड

आरोपी अभय राज उर्फ अब्बू पिता अजय राज 20 साल निवासी नया बस स्टैण्ड थाना कोतवाली कटनी के विरुद्ध थाना कोतवाली जिला कटनी के 3 अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी जगत सिंह पिता राजकुमार सिंह 22 साल निवासी ग्राम कचौरी थाना शाहनगर हाल चाण्डक चौक कटनी के विरुद्ध थाना शाहनगर जिला पन्ना में 1 अपराध पंजीबद्ध है।

### कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

कार्यवाही थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में की गई जिसमें उप निरीक्षक विनोद सिंह, सहायक उप निरीक्षक तीरथ तेकाम, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह, अजय यादव, आरक्षक सतेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, मनोज राजपूत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

---




# नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा,में कक्षा छठवीं सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश परीक्षा हेतु आनलाईन आवेदन पत्र भरना प्रारंभ हो गया है। विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु पंजीयन प्रारंभ हो गया है। आवेदन आनलाईन किया जा सकेगा। आनलाईन आवेदन को जमा करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई है। आवेदन आनलाईन निःशुल्क किया जा सकता है। चयन परीक्षा हेतु आवेदन करने की पात्रता उन विद्यार्थियों को ही है जो कि कटनी जिले में सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हों एवं कटनी जिले में ही निवासी होंगे।

चयन होने की स्थिति में विद्यार्थी का एवं पालक का कटनी जिले के निवास का प्रमाण (जो कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित हैं) देना अनिवार्य होगा। जो विद्यार्थी जिस विकासखण्ड के विद्यालय में अध्ययनरत हैं उसी विकासखण्ड का उल्लेख आवेदन पत्र में करेंगे। आवेदन पत्र में आवश्यक जानकारी सही एवं सावधानी पूर्वक भरेंगे। विद्यालय सरकारी या मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है। वे ही विद्यार्थी आवेदन करने हेतु पात्र हैं जिनका जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 (दोनों दिनांक सम्मिलित करते हुए) के बीच हुआ हो।

कक्षा छठवीं में प्रवेश से संबंधित संपूर्ण जानकारी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट पर उपलब्ध है। चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को कटनी जिले के विभिन्न विकासखण्डों के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जावेगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है।

---

*कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत पहरूआ मंडी के पास हुई थी घटना*

# वृद्ध के साथ मारपीट, इलाज के दौरान हुई मौत, आरोपित को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत पहरूआ मंडी के समीप एक वृद्ध के साथ की मारपीट के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मारपीट करने वाले को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार 31 मई के दिन में करीब 12 बजे पहरुआ मण्डी गेट के सामने बख्तु उर्फ बखत्तु उर्फ बब्बू कुशवाहा और सुरेन्द्र शर्मा का विवाद गाली देने की बात को लेकर होने लगा था, उसी दौरान सुरेन्द्र शर्मा ने बख्तु कुशवाहा को मुक्को एवं लात से मारपीट किया। मारपीट में बख्तु कुशवाहा वही पर गिर गया। बख्तु कुशवाहा के सिर, आँख सहित शरीर के अन्य अंगों में चोट आई, उसे उपचार हेतु परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय कटनी रात्रि करीब 10 बजे ले जाया गया जहाँ पर उसकी रात्रि 11.40 बजे मृत्यु होने पर ड्यूटी डॉक्टर द्वारा अस्पताल पुलिस चौकी के माध्यम से कुठला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई। कुठला पुलिस द्वारा मर्ग पंजीबद्ध कर शव का पंचनामा एवं जाँच कार्यवाही की गई तथा पीएम कार्यवाही जिला चिकित्सालय कटनी से कराई गई। डॉक्टर द्वारा मृतक की मृत्यु सिर में चोट आने के कारण होना अभिमत में दिया गया। मृतक बख्तु को वृद्ध एवं शारीरिक रूप से कमजोर होना जानते हुए भी सुरेन्द्र शर्मा द्वारा हाथ, थप्पड, लात से मारपीट कर सड़क में गिरा दिया जिससे मृतक को सिर में घातक



चोट आई, जिसके परिणामस्वरूप बख्तु उर्फ बखत्तु उर्फ बब्बू कुशवाहा की मौत हो गई। मृतक की पीएम रिपोर्ट आज दिनांक 06/06/2025 को प्राप्त होने पर आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धारा में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई तथा मामले के आरोपी सुरेन्द्र शर्मा पिता स्व0 जगदम्बा प्रसाद शर्मा उम्र 61 वर्ष निवासी पहरुआ गल्ला मण्डी थाना कुठला को 6 के बजे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेज दिया गया है

गिरफ्तार आरोपी सुरेन्द्र शर्मा पिता स्व0 जगदम्बा प्रसाद शर्मा उम्र 61 वर्ष नि0 पहरुआ गल्ला मण्डी थाना कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में उप निरीक्षक के के सिंह, विनोद सिंह, के सहायक उप निरीक्षक श्याम नारायण सिंह, प्रधान आरक्षक अजय यादव, रामेश्वर सिंह, आरक्षक सतेन्द्र सिंह, मनोज सिंह, बालकृष्ण तिवारी एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

---

## आंगनबाड़ी केन्द्र में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



ग्राम पंचायत तखला में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के द्वारा ग्रामीण महिलाओं एवं पुरूष से उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, के संबंध में जानकारी ली एवं पैरालीगल वालेटियर आराधना तिवारी को निर्देशित किया की जिन लोगों के राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, नहीं बने है उन लोगों के कार्ड बनवाए जाने में सहयोग करें साथ ही नि:शुल्क विधिक सहायता, म0प्र0 अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा टोल फ्री नम्बर 15100, मध्यस्थता जागरूकता, तथा महिलाओं के अधिकारों के प्रति कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई और कहा कि किसी प्रकार की कानूनी समस्या के समाधान के लिए आप स्वयं एवं पैरालीगल वालेंटियर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी से संपर्क कर सकते है।

---

# घूंघट से बाहर निकल आजीविका संवर्धन गतिविधि से लखपति दीदी बनीं प्रेमवती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कभी घर की चहार दीवारी में कैद रहकर घूंघट में रहने वाली विकासखण्ड कटनी के ग्राम पंचायत कैलवारा की श्रीमती प्रेमवती पटेल ने स्व-सहायता समूह से जुड़कर आर्थिक स्वावलंबन की मिसाल बन गई हैं।। स्व-सहायता समूह की आजीविका संवर्धन गतिविधि के माध्यम से दुकान की विस्तारित स्वरूप देकर और कृषि कार्य में आधुनिक तकनीक की मदद से प्रेमवती अब हर माह 22 हजार रूपये की आय अर्जित कर लखपति दीदी बन गई हैं। प्रेमवती पटेल बताती है कि समूह से जुड़ने के पहले उनकी मासिक आमदनी हर माह करीब 8 हजार रूपये ही थी। परिवार चलाना भी मुश्किल हो पा रहा था, बच्चों की देख-रेख में भी कठिनाई हो रही थी और पति कि छोटी दुकान थी, जो बहुत ज्यादा चलती भी नहीं थी। ऐसे में स्व -सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनके लिए तरक्की के द्वार खुल गए ।प्रेमवती ने 10 महिलाओं के साथ मिलकर संकट मोचन स्व-सहायता समूह गठित किया और वे स्वयं इस समूह की अध्यक्ष चुनीं गईं। उन्होंने इस समूह से जुड़कर कृषि कार्य में उन्नत बीज और खेती को अपनाया। इसके लिए बैंक से लोन लिया। जिससे व्यवसाय को विस्तारित स्वरूप देने में सहायता मिलीं। वे कहती हैं कि समूह के माध्यम से बैंक लिंकेज की राशि से पहली बार उनको 15 हजार रूपये किराना दुकान के लिए ऋण मिला ।जिसको उन्होंने मासिक किस्तों में ब्याज सहित चुका कर के दोबारा 30 हजार रूपये की राशि प्राप्त किया और अपने किराना दुकान को बढ़ाया ज्यादा सामग्री रखना शुरू किया। दुकान में जनरल स्टोर की भी सामग्री विक्रय करना शुरू किया। इसके बाद प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से भी 1 लाख रूपये की ऋण राशि लेकर दुकान को और विस्तारित किया ।जिससे कि दुकान में हर रोज 3 से 4 हजार रूपये की बिक्री होने लग गई।

प्रेमवती बताती है कि एक समय था जब वे कभी घर से बाहर नही निकलीं थी, घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नही होने के कारण उन्होंने परिवार चलाने में पति की मदद करने के उद्देश्य से स्व -सहायता समूह से जुड़कर दुकान को विस्ताारित करके काम-धंधा शुरू किया जो चल निकला।

---

*समय पर उपचार मिलने से पीड़ित की बच सकती है जान*

# सर्प या जहरीले कीड़ों के काटने पर कराएं इलाज, झाड़ फूंक में न पड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बारिश के मौसम में सर्पदंश और जहरीले कीड़े के काटने की घटनाओं के मद्देनजर इनके काटने पर तत्काल नजदीकी अस्पताल मे पीड़ति को पहुंचाने और झाड़-फूक में व्यर्थ समय नहीं गंवाने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने कहा है कि अस्पताल ले जाने पर और समय पर एंटी वेनम इंजेक्शन लगने से सर्पदंश पीड़ति की जान बचाई जा सकती है।

कलेक्टर श्री यादव ने वर्तमान मे तेज गर्मी और इसके बाद बारिश शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रों मे सर्पदंश की अधिक होने वाली घटनाओं के मद्देनजर सावधानी बतौर नागरिकों से अपील की है कि सर्पदंश या जहरीले कीड़े के काटने की घटना होने पर झाड़-फूंक से मरीज को ठीक कराने के चक्कर मे नहीं पड़ें, बल्कि मरीज को उपचार के लिए तत्काल निकटतम अस्पताल पहुंचाने का प्रयास करने का लोगों से आग्रह किया है। कलेक्टर श्री यादव ने कहा है कि सांप के काटने पर झाड़-फूक से नहीं बल्कि एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन से ही मरीज की जान बचाई जा सकती है। जिले के जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे एंटी स्नैक वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता है। इसलिए सर्पदंश पीड़ति को यदि समय पर उपचार मिल जाये तो उसकी जान बचाई जा सकती है।

सांप काटने के केस ग्रामीण क्षेत्र से अधिक आते है। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से आमजन की तरह ही जीव जंतु भी अधिक परेशान है। वे अपने बिलों से बाहर निकलते है और खेतों आदि में काम करने वाले लोग अनजाने में सर्पदंश का शिकार बन जाते है।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों ने कहा हर सांप विषैला नहीं होता

विशेषज्ञ चिकित्सकों के मुताबिक काटने वाले सभी सांप विषैले नहीं होते है। इसलिए सर्पदंश पीड़ति को घबराना नहीं चाहिए। सामान्यतः जहरीले सांपों के काटने पर दांतों के दो निशान अलग ही दिखाई देते है। जबकि गैर विषैले सांप के काटने पर दो से ज्यादा निशान हो सकते है। परंतु ये निशान दिखाई नहीं देते है। इसलिए सांप के काटने पर निशान नहीं दिखाई देने पर यह सोचना गलत होगा कि सांप ने नहीं काटा है। सांप के काटने पर करीब- करीब 95 प्रतिशत मामलों मे पहला लक्षण नींद का आना है। इसके साथ ही निगलने या सांस लेने मे तकलीफ होती है। आमतौर पर सांप काटने के आधे घंटे बाद लक्षण दिखाई देने लगते है।

### जल्द अस्पताल पहुंचे

सांप अगर काट ले तो बिल्कुल भी देर नहीं करे और ना घबरायें। कोशिश करें कि जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचे।

सांप कांटने वाली जगह पर किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें। उस जगह को कपड़े से भी न बांधे और न ही सांप के जहर को मुंह से बाहर निकालें।

---

## पौधारोपण अभियान में नागरिक गण आगे बढ़कर करें सहभागिता

# महापौर ने पार्क में पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पर्यावरण को संरक्षित करने तथा वातावरण को शुद्ध रखने के उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रारंभ हुए पौधारोपण अभियान के तहत शनिवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे सहित निगम पार्षदों एवं क्षेत्रीय नागरिकों की मौजूदगी में रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, अमीरगंज में अटल आश्रय के सामने रिक्त पार्क स्थल पर वृहद पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

पौधारोपण कार्यक्रम में महापौर श्रीमती सूरी निगमायुक्त श्री दुबे एवं मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष शिब्बू साहू, डॉ रमेश सोनी, एडवोकेट सुरेन्द्र गुप्ता, स्थानीय पार्षद विनोद यादव लाल, भुट्टू, पार्षद शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद रजनी विष्णु केवट सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं पर्यावरण प्रेमियों द्वारा पार्क में विभिन्न प्रजातियों के नीम, आंवला, शीशम, गुलमोहर, कंजी, पीपल आदि के पौधों का रोपण किया जाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने पार्क विकास हेतु ले आउट तैयार कर पार्क में ओपन जिम, झूले और पाथवे आदि का प्रस्ताव तैयार कराने का आदेश दिया तथा पार्क का नामकरण देवी अहिल्याबाई अमीरगंज पार्क के नाम पर किये जाने हेतु सुझाव दिया।

### पौधा बड़ा होनें तक देखभाल आवश्यक

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए सभी से स्वच्छता के लिए प्लास्टिक का उपयोग नहीं करनें तथा स्वेच्छा से आगे आकर एक पेड़ मॉ के



नाम अभियान में सहभागिता कर पौधारोपण करनें तथा पौधे के बडे.होने तक उसकी देखरेख करने का आव्हान किया।

### पानी टंकी का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा निर्माणाधीन 2 लाख लीटर की पानी की टंकी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बताया गया कि टंकी निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है। जिसपर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा शीघ्र ही टंकी का लोकार्पण कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित करने की बात कहे जाने जाने पर क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

क्षेत्रीय पार्षद विनोद यादव ने बताया कि नवनिर्मित दो लाख लीटर की पानी की टंकी से जहां एक ओर वार्ड की जलापूर्ति और भी बेहतर तरीके से हो सकेगी वही पार्क का विकास हो जाने से स्थानीय नागरिकों के मनोरंजन एवं स्वास्थ्य गतिविधियों हेतु एक बेहतर विकसित स्थल भी मिलेगा। इन विकास कार्यों की स्वीकृति हेतु क्षेत्रीय पार्षद द्वारा महापौर के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नगर निगम उपयंत्री संजय मिश्रा, अश्विनी पांडेय, मृदुल श्रीवास्तव, मोना करेरा सहित क्षेत्रीय नागरिक संजय गौतम, संतोष पांडेय, भूरे लाल यादव, छत्रपति कुशवाहा, रमेश खटीक, राम सुमन, ओमप्रकाश मातृशक्ति सिया बाई विश्वकर्मा उपस्थित रहीं।

---

### धरे गए जुआरी, नकदी किया जब्त

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत शास्त्री चौक में पुलिस ने जुआ फड़ पर दबिश देते हुए आरोपियों को पकड़ा है। मामले में रोहित रैकवार निवासी-मंगलनगर एटीएम के पीछे, दीपक गुप्ता निवासी-लखेरा विवेकानंद चौक, नरेश भारती निवासी झर्राटिकुरिया थाना रंगनाथ नगर को 250 रुपए का दांव लगाकर अवैध लाभ अर्जित करते हुए गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए जुआरियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यों के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।



पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### किशनगंज में हुआ बावड़ी उत्सव का आयोजन

**पथरिया।** गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संपूर्ण प्रदेश में प्रदेश विकासखंड स्तर पर बावड़ी उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने सहभागिता की तो वहीं दमोह जिले की पथरिया विकासखंड के अंतर्गत ग्राम किशुनगंज में स्थित अति प्राचीन बावड़ी में बावड़ी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया, जिसमें लगभग 200 वर्ष से भी अधिक प्राचीन मराठाकालीन बावड़ी में विशेष पूजन-अर्चन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बावड़ी उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ इस दौरान जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवियों को सम्मानित भी किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि निशांत श्रीधर रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में रजक कुमार, नवांकुर संस्था अध्यक्ष विजय तिवारी, दिलीप कुमार पटेल, अमृत पटेल, घनश्याम पटेल, जिले के यूथ अचीवर्स कृष्णा पटेल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष मुकेश पांडे, सचिव सुमन गुप्ता रही।

विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत सकतपुर में कार्यक्रम सम्पन्न, सांसद श्री लोधी ने उड़ाया ड्रोन

# किसान नई-नई तकनीक से खेती कर समृद्ध बने एवं प्रधानमंत्री जी के सपने को साकार करें-सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी की गरिमामय मौजूदगी में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत सकतपुर में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत ग्राम सकतपुर में क्षेत्र के किसानो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उन्नत खेती एवं विकसित भारत के लिए कृषि वैज्ञानिको ने किसानों से संवाद किया।

इस अवसर पर उन्होंने खेती में उपयोग होने वाले ड्रोन को उड़ाकर दवा के छिड़काव का कैसे किया जाता है देखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा किसान खेती को लाभ धंधा बनाए। खेती में किये जा रहे कार्य, बीज, फसल उत्पादन, फसल बेचकर खर्चे सहित अन्य सभी का हिसाब किसान भाईयों को अवश्य रखना चाहिए, डायरी में नोट करना चाहिए ताकि किसान को पता चले उसे अगले वर्ष कितना मुनाफा-नुकसान हुआ, बचत-खर्चे का अंदाजा लगाया जा सके। उन्होंने कहा किसानों को खेती का व्यवसायीकरण करना चाहिए इससे किसान को ही फायदा होने वाला हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने किसानों से आग्रह करते हुए कहा खेती मत बेचना आने वाले समय मे केन-बेतवा लिंक परियोजना के माध्यम से किसानों को सिचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा, फसल की पैदावार अच्छी होगी जिससे किसान आर्थिक रूप से सशक्त होंगे, किसान तरक्की करेंगे तो प्रदेश तरक्की करेगा, देश तरक्की करेगा। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत वैज्ञानिक लैब से निकलकर गांव में किसानों के बीच पहुंच रहे हैं। उन्नत खेती के लिए शोध और अनुसंधान से कैसे उन्नत खेती और उत्पादन को बढ़ाया जा सके वैज्ञानिक किसान भाइयों को अवगत कराने का काम रहे हैं। सांसद श्री लोधी ने कहा मेरा सभी किसान भाइयों से आग्रह है आप सभी इसका लाभ अवश्य उठाए, अपने आपको समृद्ध करें, नई-नई तकनीक से खेती करें, प्रधानमंत्री मोदी जी के सपने को साकार करें। विकसित भारत का रास्ता विकसित खेती से होकर ही जाता हैं। किसान मज़बूत होंगे, तो गांव मज़बूत होंगे। गांव मज़बूत होंगे, तो देश मज़बूत होगा। उन्होंने कहा इस अभियान के तहत 12 जून तक वैज्ञानिक आपके गांव जाएंगे और आपसे चर्चा करेंगे। इस अवसर पर प्रभारी वैज्ञानिक प्रमुख केवीके दमोह डॉ मनोज कुमार अहिरवार ने कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताया, डॉ डीपी सिंह ने कृषकों की समस्या का समाधान किया । वैज्ञानिक कीट विज्ञान जबलपुर डॉ आर एस मरावी ने कीट नियंत्रण , डॉ यू एस चंदेरिया ने फसलों के रोगों के बारे में जानकारी दी। सहायक संचालक कृषि शंकर लाल कुर्मी ने मृदा परीक्षण के बारे में, सहायक संचालक उद्यान एस कुमार सिंह ने उद्यानिकी फसलों की जानकारी दी। कार्यक्रम में किसान मित्र छड़ी (जमीन पर रेंगने वाले जीवो सांप इत्यादि से सुरक्षा हेतु) का प्रदर्शन किया गया। साथ ही ड्रोन पायलट दीपक पटेल ने ड्रोन का लाइव प्रदर्शन किया। उप-संचालक कृषि जेएल प्रजापति ने बताया 07 जून को पथरिया के ग्राम सेमराबुजुर्ग, ममरखा, बटियागढ़ के मोठा, सकतपुर, पटेरा के पटनाकुमारी, कुलुआ, जबेरा के दुगानी में कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग एवं संबद्ध विभागों के अधिकारियों द्वारा अभियान के तहत कृषको को जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कल 08 जून 2025 को दमोह के ग्राम बिलाई, आंकखेड़ा, पथरिया के खेजराकलां, इमलीजोग, हटा के देवरीफतेहपुर, चकरदा, तेन्दूखेड़ा के पुरा करौंदी, हरदुआ में कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

शहर में निकली भव्य शोभायात्रा

# पंचदेव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्थानीय साई मंदिर बेलाताल टापू पर पंच देव प्राण प्रतिष्ठा हो रही है मंदिर निर्माण के संयोजक डॉक्टर आलोक गोस्वामी ने बताया की गौलोक बासी पंडित श्री बिहारी लाल गौतम की इच्छा अनुसार मंदिर में श्रीराम दरबार, श्री राधा कृष्ण, जगत जननी मां जगदंबे ,श्री शनिदेव , भोलेनाथ ,की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है शिव साईं मंदिर की पुजारी पंडित कमलेश्वरनंद महाराज ने बताया कि श्री राम अनुग्रह दास जय जय छोटे सरकार के आशीर्वाद और मार्गदर्शक मैं प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हो रहा है आयोजक के प्रथम दिवस शोभायात्रा में श्रीराम अनुग्रह दास छोटे सरकार के आगमन के साथ उनके आशीर्वाद से कार्यक्रम हुआ छोटे सरकार ने सभी पंच देव की प्रतिमा के दर्शन कर हर्ष व्यक्त किया मंदिर के पुजारी श्री कमलेश्वरनंद जी ने छोटे सरकार का पुष्पहार तिलक शाल श्रीफल से पूजन स्वागत किया इसके उपरांत छोटे सरकार के द्वारा सभी को आशीर्वाद प्रदान किया गया। आयोजक समिति के कपिल दुबे जी के द्वारा सभी नगरवासियों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या मैं उपस्थित होकर धर्म लाभ हेतु अपील की है।

# मध्यप्रदेश के कर्मचारियों को केश लैस हेल्थ कार्ड की घोषणा



### पीएमयूएम शिक्षक संघ ने माननीय मंत्री जी का किया आभार व्यक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ लगातार 2 वर्षों से सक्रियता के साथ मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को केश लैस हेल्थ कार्ड की मांग कर रहा था जिसके के लिए संघ के द्वारा सक्रियता के साथ माननीय मंत्री जी को लगातार पत्र के माध्यम अवगत कराया जा रहा था एवं पीएमयूएम शिक्षक संघ दमोह के द्वारा आयोजित छात्र शिक्षक प्रतिभा सम्मान समारोह में माननीय मंत्री जी से विशेष आग्रह भी किया था माननीय मंत्री धर्मेंद्र लोधी जी छात्र शिक्षक प्रतिभा सम्मान समारोह के मंच से आश्वासन देते हुए केश लैस हेल्थ कार्ड दिलवाने की बात कही थी, मध्यप्रदेश के कर्मचारियों को अब केश लैस हेल्थ कार्ड की सुविधा मिलने जा रही हैं तो इस उपलक्ष्य में पीएमयूएम शिक्षक संघ के प्रांत संयोजक पवन खरे जी के द्वारा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री माननीय धर्मेंद्र भैया जी को आभार पत्र देकर आभार व्यक्त किया साथ ही दमोह जिले में शिक्षकों की समस्याओं के लिए ज्ञापन देकर अवगत करवाया। ज्ञापन में मुख्य रूप से मंहगाई भत्ते के एरियर की राशि का भुगतान, क्रमोन्नति की एरियर की राशि का भुगतान, दमोह जिले में किसी भी प्रकार के एरियर की राशि का भुगतान शासन के आदेशानुसार तय समय में कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया जाता। ज्ञापन में दमोह जिला के कार्यकारी जिला अध्यक्ष श्री कैलाश असाटी, कोषाध्यक्ष मोहन ठाकुर जिला सचिव नरेंद्र नामदेव प्रवक्ता पारस साहू मीडिया प्रभारी विजय सिंह ब्लॉक अध्यक्ष जबेरा देवेंद्र ठाकुर ब्लॉक अध्यक्ष तेंदूखेड़ा देशराज यादव, जिला संगठन मंत्री हेमेंद्र कोरी सह संगठन मंत्री गिरिजा प्रजापति, सह सचिव अजय रोहित ब्लॉक उपाध्यक्ष दमोह अनिल मिश्रा जिला सह प्रवक्ता वेदप्रकाश खरे, मयंक सोनी, बैजनाथ नामदेव, प्रमोद प्रजापति, ब्रजेश मेहरा, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, दिनेश सेन, रमेश पटेल, मुकेश विश्वकर्मा, मानसिंह राजपूत, संतोष रजक, बीडी विश्वकर्मा उपस्थित रहें।

जंप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने की ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग

# नहर निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

ग्राम पंचायत कालेराखेड़ा में पिपरिया तालाब से मेन रोड तक नहर का निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन इसमें घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह से शिकायत की थी कि रेत के नाम पर बजरा लगाया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पाया कि वहां पर बजरे की बड़े-बड़े ढेर लगे हुए थे और वही बजरा निर्माण कार्य में लगाया जा रहा था। जब इस संबंध में ठेकेदार देवेंद्र सिंह से पूछताछ करने पर उन्होंने कहा कि पता नहीं कैसे पहुंच गया बजरा। एसडीओ शिवाजी से बात करने पर उन्होंने कहा कि मेरे मना करने के बावजूद भी ठेकेदार द्वारा बजरा लगाया जा रहा है जो गलत है और उन्होंने काम को रुकवाने की बात कही। जल संसाधन विभाग की इस नहर का निर्माण आरईएस द्वारा किया जा रहा है। जिसकी मॉनिटरिंग जल संसाधन विभाग के उपेंद्र को भी करना है लेकिन- इस मामले में ठेकेदार की लापरवाही और घटिया सामग्री का उपयोग गंभीर मुद्दा है, जिस पर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करनी चाहिए। लेकिन आर ई एस का मामला बताकर अपना पल्ला झाड रहे। ग्रामीणों सहित जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ सुजान सिंह ने इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग करते हुए नहर का निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से होना चाहिए ताकि क्षेत्र के किसानों का इसका पूरा लाभ मिल सके।

# माँ कर्मा धाम मंदिर एवं साहू राठौर धर्मशाला का भूमिपूजन सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अकलेरा जिला झालाबड़ राजस्थान में माँ कर्मा धाम एवं साहू राठौर धर्मशाला का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष रविकरन साहू अध्यक्षता भारतीय तेलिक साहू राठौर महासभा जनगणना प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक सत्येंद्र साहू विशेष अतिथि राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरारी गुप्ता,संजय साहू, दीनदयाल साहू, हरभजन साहू, राष्ट्रीय युवा सचिव नरेंद्र साहू, दिलीप साहू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भवानी प्रिया, प्रकाश मोदी, मोहन साहू रहे. सर्वप्रथम माँ कर्मा देवी की पूजा अर्चना एवं आरती अतिथियों द्वारा की गई.अकलेरा साहू राठौर समिति के द्वारा सभी। अतिथियों का स्वागत साफा बांधकर साल श्रीफल एवं माँ कर्मा की फोटो भेंट कर किया गया.मुख्य अतिथि रविकरण साहू ने समाज को सम्बोधित करते हुए कहा कि मंदिर व धर्मशाला निर्माण में स्थानीय विधायक मंत्री सांसद से भी सहयोग लेवे और में भी जनप्रतिनिधिओ से निवेदन करुँगा. समाज को एकजुटता व जाग्रत करने की बात कही. अध्यक्षता कर रहे सत्येंद्र साहू ने जनगणना पर जोर देते हुए कहा कि निचले स्तर से कस्वा, ग्राम, शहर, जिलो में जनगणना करें जिससे समाज की प्रतिभाएँ उजागर होंगी जिससे समाज के जरूरतबन्दों को लाभ मिलेगा. और मंदिर, धर्मशाला निर्माण में गिलहरी की भूमिका निभाते हुए अपनी सकक्षमता से सहयोग कर भव्यता लाये. विशेष अतिथि मुरारी गुप्ता ने सम्पूर्ण आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि जो भी जरूरत होंगी में भी सहयोग करूंगा. भूमिपूजन की बोली राजगढ़ जिलाध्यक्ष रामबाबू साहू ने तीन लाख इक्कीस हजार रूपये प्रदान किये.आयोजन समिति के दिलीप साहू, रामनरेश साहू, जगमोहन साहू, मांगीलाल साहू, ब्रजेश, नरेश, मोहनलाल, रामस्वरूप, सतीश, चौथमल, विजय, नेमीचंद, रामविलास साहू सहित हजारों स्वजातीय बन्धुओ की उपस्थिति रही. मंच संचालन पंडित विनोद, दिलीप साहू ने किया एवं आभार प्रदर्शन जगमोहन साहू ने कविताएं पढ़कर किया।

# कृषि वैज्ञानिकों ने दी अनेक जानकारियां




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशन में 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत शनिवार को जबेरा ग्राम पंचायत भवन में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन जनप्रतिनिधियों, कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विस्तार अधिकारियों एवं अनेकों किसानों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती जी का पूजन अर्जन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके पश्चात वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी नरेंन्द्र सिंह ठाकुर एवं कृषि विस्तार अधिकारी अमित परमार द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में दल प्रभारी वैज्ञानिक डॉक्टर बी एल साहू एवं वैज्ञानिक डॉक्टर पवन अमरते द्वारा किसानों को कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए अनेकों प्रकार के सुझाव दिए एवं फसल विविधीकरण के बारे में जैसे मक्का की खेती, चना की खेती, धान की श्री पद्धति एवं धान की डीएसआर विधि के साथ सभी फसलों के रोग और उनके लक्षण एवं उसके निदान के उपाय के बारे में विस्तार से बताया गया। तो वही वैज्ञानिक डॉक्टर बीएल साहू द्वारा किसानों को बताया गया कि हमें अपनी परंपरागत खेती को नहीं करना है अब हमें जरूरत है नई-नई कृषि तकनीकों को अपनाने की कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन एवं उद्यानिकी फसलें लेना इससे किसान की अतिरिक्त आय के साथ पैदावार में बढ़ोतरी होगी।

इस दौरान उपस्थित किसानों द्वारा कृषि से संबंधित सवाल पूछे गए जिसके कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा जवाब भी दिए गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार एसएचडीओ मोनिका अग्निहोत्री एवं अमित परमार द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन,सरपंच शिवलाल धुर्वे, रवि शंकर बाजपेई, बंटी दुबे, रानू नामदेव, नीरज जायसवाल, सुनील सिंघई, सचिव कलू यादव, सुरेंद्र सिंघई, मुन्नालाल सोनी, अरुण बाजपेई, योगेश दुबे, अमित जैन, आशीष धुर्वे, मनोज सोनी सहित पशुपालन, मत्स्य पालन एवं अनेकों किसानों की उपस्थिति रही।

## छोड़ा पछाड़ प्रजाति का सर्प मिलने से हड़कंप...

**दमोह।** शहर के सीएम राईज संदिपनी विद्यालय में एक सर्प मिलने के बाद हडकंप के हालात निर्मित हो गये। शनिवार को स्कूल में मौजदू स्टाफ को जब जानकारी लगी कि एक कक्ष में घोड़ा पछाड़ प्रजाति का सर्प है तो फौरन वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। सर्प विशेषज्ञ सहित वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर बडी मशक्कत व सावधानी के बाद सर्प को पकड़ा जंगल में छोड़ दिया है। स्कूल के शिक्षक ने बताया कि प्रयोगशाला में सफाई का कार्य चल रहा था जिस दौरान एक बडा सर्प बैठा हुआ था जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई।



# एक दूसरे से परस्पर गले मिलकर दी ईद की मुबारकबाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दमोह नगर ईद उल अजहा का पर्व बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया ईद उल अजहा की नमाज़ शहर के फुटेरा तालाब स्थित ईदगाह मस्जिद में जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफ़ज़ि मुनव्वर रज़ा साहब ईद की नमाज़ पढ़ाई और मुल्क में अमन चौन की दुआ माँगी । नमाज़ से पहले हाफ़ज़ि साहब ने तकरीर बयान की और ईद उल अजहा के बारे में बयान करते हुए हजारों मुस्लिम भाइयों के बीच इस्लाही (शिक्षा प्रदाय) तकरीर की बाद में सभी को ईद उल अजहा की नमाज़ पढ़ाई और ख़ुतबा पढ़ा गया आखिर में हजारों नमाजियों ने एक साथ हाथ उठा कर अल्लाह से दुआएं माँगी साथ ही मुल्क में अमन चौन की विशेष सामुहिक दुआ की गई। वहीं शहर दमोह ईदगाह मस्जिद कमेटी अध्यक्ष आज़म खान ने सभी जिले वासियों सहित जिला प्रशासन नगरपालिका प्रशासन और प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सहयोग के लिए आभार माना और सभी को ईद की मुबारकबाद दी। नमाज़ के बाद सभी मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह के अलावा शहर की दीगर मस्जिदों में भी ईद उल अजहा की नमाज़ वहाँ के पेश इमामों द्वारा पढ़ाई गई। जजिसमें कुरैश मण्डी मस्जिद, बकौली के पास कच्छीयान मस्जिद फुटेरा मोहल्ला के तकिया मस्जिद सहित अनेक मस्जिदों में भी नमाज़े ईद उल अजहा अदा की गई । सभी ने ईद के अवसर पर गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा पुलिस सुरक्षा विवस्था भी बेहतर देखने मिली।

ईदगाह परिसर में दमोह तहसीलदार मोहित जैन , अभिषेक जैन सहित सीएसपी अभिषेक तिवारी सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही । कब्रस्तान पहुँचकर परिजनों के हक में माँगी दुआएं नगर के पुरैना तालाब स्थित कब्रस्तान में नमाज़ के बाद सभी मुस्लिम भाई अपने पूर्वजों और परिजनों की कब्रगाह पर पहुँचे और उनकी मग़फ़रित की दुआएं माँगी। इसी तरह सिंगपुर हटा नाका स्थित कब्रस्तान भी नगर के मुस्लिम भाइयों ने पहुँचकर दुआएं माँगी।

ईदगाह से लौटते ही जिन लोगों के घर परंपरागत कुर्बानी होती है उन्होंने स्वच्छता का ख़्याल रखते हुए अल्लाह की रजा के लिए घर घर कुर्बानी पेश की मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में सुबह से ही उत्साह का माहौल देखा गया ईद मिलने का सिलसिला शाम तक चला।